हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 14 सितम्बर 2016, हल्द्वानी, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com

एसएसबी ने 250 परिवारों को सोलर लाइटें दी

हल्द्वानी | कार्यालय संवाददाता

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिरीक्षक श्याम सिंह ने एक कार्यक्रम में भारत-नेपाल सीमा पर बसे दूरस्थ गांवों के 250 परिवारों के लिए सोलर लाइटें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि एसएसबी सीमाओं की सुरक्षा के साथ वहां रहने वाले ग्रामीणों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है।

मंगलवार को काठगोदाम स्थित एसएसबी ट्रांजिट कैंप में महानिरीक्षक श्याम सिंह ने पांचवीं वाहिनी चंपावत, 11वीं वाहिनी डीडीहाट और 49वीं वाहिनी पीलीभीत के अंतर्गत आने वाले सदूरवर्ती गांवों के लिए स्केल संस्था के सौजन्य से ये लाइटें दीं।

ग्राम चुखा, खेती, सीम, गंगसेर, संगसम, गुंजी, गर्ब्यांग, कीरतपुर, कोहिपुर, थपलियाखेर से ग्रामीणों के प्रतिनिधि इन्हें लेने पहुंचे थे। इस दौरान स्केल के तरुण सिन्हा ने कहा कि संस्था एसएसबी के साथ मिलकर सीमावर्ती गांवों में ग्रामीणों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, सोलर स्ट्रीट लाइट आदि उपलब्ध कराने पर भी विचार कर रहा है।

काठगोदाम में एक कार्यक्रम के दौरान एसएसबी महानिरीक्षक ने ग्रामीणों को सोलर लाइटें बांटी।

इस दौरान संदीक्षा की अध्यक्षा संतोष कंवर, एसएसबी के डा. पीके रोशन, वीके शर्मा, एसएस राय, संदीप रावल, प्रेम चन्द्र, अनूप चौधरी, आरके बिश्नोई समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।